
# Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

## विश्व हिंदी दिवस

### ➢ चर्चा में क्यों ?

- *** विश्व हिंदी दिवस 2025 जिसे विश्व हिंदी दिवस के रूप में जाना जाता है प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को दुनिया भर में हिंदी प्रेमियों द्वारा मनाया जाता है।
- इस वर्ष "विश्व हिंदी दिवस" का थीम–"हिंदी : एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज" है।
- "विश्व हिंदी दिवस" मनाने का उद्देश्य हिंदी भाषा के बारे में जागरूकता फैलाना, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसके उपयोग को बढ़ावा देना और दुनिया भर में हिंदी भाषी समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करना है।




### ➢ इतिहास :

- *** विश्व हिंदी दिवस की शुरुआत वर्ष 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में पहली बार हिंदी बोले जाने की वर्षगांठ मनाने के लिए की गई थी।
- *** वर्ष 1975 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था, जिनमें भारत समेत मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम,

त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

- *** हालांकि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रत्येक वर्ष विश्व हिंदी दिवस मनाने की घोषणा की थी, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।
- विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य भारतीय भाषा के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे दुनिया भर में वैश्विक भाषा के रूप में बढ़ावा देना है।
- इस दिवस का उपयोग हिंदी भाषा के उपयोग और प्रचार के आसपास मौजूद मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए भी किया जाता है।
- इस दिवस के अवसर पर भारतीय विदेश मंत्रालय विभिन्न देशों में "हिंदी सम्मेलन" का आयोजन करती है।
- *** 10 जून 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा भारत द्वारा सह–प्रायोजित "बहुभाषावाद" पर एक प्रस्ताव अपनाया गया जिसमें पहली बार हिंदी भाषा का उल्लेख करते हुए संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग को हिंदी सहित आधिकारिक और गैर–आधिकारिक भाषाओं में हिंदी को महत्वपूर्ण संचार और संदेशों का प्रसार जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
- *** इससे पहले वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर हिंदी को बढ़ावा देने के लिए 2 वर्ष की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार के बीच एक "स्वैच्छिक वित्तीय योगदान समझौते" पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- इस समझौते को बाद में बढ़ा दिया गया और यह वर्तमान में मार्च 2025 तक लागू है।
- जहां विश्व हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है, वहीं "हिंदी दिवस" प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है।
- विश्व हिंदी दिवस हिंदी भाषा के प्रचार और वैश्विक मान्यता पर केंद्रित है जबकि "हिंदी दिवस" भारत में हिंदी भाषा की मान्यता पर केंद्रित है।

## ➢ क्या हिंदी भारत की राष्ट्रीय भाषा है ?

- *** भारत देश में 100 से अधिक भाषाएं और 270 मातृ भाषाएं बोली जाती हैं।
- हालांकि भारतीय संविधान किसी एक भाषा को भारत की "राष्ट्रभाषा" के रूप में सूचीबद्ध नहीं करता है।
- *** भारतीय संविधान के अनुच्छेद–351 में कहा गया है कि "हिंदी भाषा के प्रसार को बढ़ावा देना एवं इसे विकसित करना संघ का कर्तव्य होगा ताकि यह सभी के लिए अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में काम कर सके"।
- हालांकि इस अनुच्छेद में यह भी कहा गया है कि हिंदुस्तानी और आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट भारत के अन्य भाषाओं में प्रयुक्त इसकी प्रतिभा, रूपों, शैली और अभिव्यक्तियों में हस्तक्षेप के बिना हिंदी भाषा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## ➢ भारत में हिंदी कितने व्यापक स्तर पर बोली जाती है ?

- भारत की वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर भारत में संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध 22 भाषाओं एवं 121 मातृ भाषाओं का उल्लेख किया गया।
- *** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में "हिंदी" सबसे व्यापक स्तर पर बोली जाने वाली भाषा है।
- 2011 की जनगणना के अनुसार कुल 52.8 करोड़ लोग यानि देश की कुल आबादी का 43.6% लोग "हिंदी" को अपनी मातृभाषा घोषित करते हैं।
- हिंदी के बाद दूसरी भाषा के रूप में "बांग्ला" का स्थान आता है जो 9.7 करोड़ यानि 8% लोगों की मातृभाषा है।
- *** हिंदी जानने वालों की संख्या के मामले में देश के लगभग 55% आबादी के लिए "हिंदी" मातृभाषा या दूसरी भाषा के रूप में है।
- लगभग 13.2 करोड़ लोग (11% से अधिक) ने हिंदी को अपनी दूसरी भाषा बताया।
- 1961 से 2011 के बीच हिंदी बोलने वाले लोगों की संख्या में 30.39% यानि लगभग 13.34 करोड़ की वृद्धि हुई है।

Result Mitra

**MCQ–1 :** विश्व हिंदी दिवस के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करके सही विकल्प चुने–

कथन–1 : विश्व हिंदी दिवस मनाने की औपचारिक घोषणा 10 जनवरी 2006 में की गई थी।

कथन–2 : 1975 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया था।

कथन–3 : हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य भारतीय भाषा के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे दुनिया भर में वैश्विक भाषा के रूप में बढ़ावा देना है।

a) तीनों कथन सही है।
b) केवल कथन 1 सही है।
c) केवल कथन 3 सही है।
d) केवल कथन 1 और 2 सही है।

Ans.–(a)

Result Mitra


हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806